गेट स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय अंडर-19 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता हुई शुरू

औरंगाबाद (आससे)। अनुग्रह इंटर विद्यालय (गेट स्कूल), औरंगाबाद के खेल मैदान में राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालक खेल प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत अंडर-19 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद श्रीमती अभिलाषा शर्मा (भा0प्र0से0) द्वारा किया गया।

खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना तथा जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 04 से 06 नवम्बर 2026 तक चलेगी। इसमें बिहार के सभी नौ प्रमंडलों पटना, तिरहुत, सारण, दरभंगा, कोसी, पूर्णिया, भागलपुर, मुंगेर एवं मगध की अंडर-19 बालक फुटबॉल टीमें तथा बिहार सरकार के एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र की टीम के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी द्वारा आकाश में गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा के साथ हुआ। इसके पश्चात बिहार गीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) श्री मो. सादुल हसन खान, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री गौरव सिंह एवं जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया।



कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह द्वारा जिला पदाधिकारी को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। अन्य अतिथियों का भी पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात विभिन्न प्रमंडलों से आई टीमों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

स्वागत भाषण में जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी ने मुख्य अतिथि, मंचासीन पदाधिकारियों, खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के प्रतिनिधियों, विभिन्न प्रमंडलों से आए टीम मैनेजर, खेल प्रशिक्षकों, निर्णायकों, शिक्षकों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित एवं विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन पोर्ट ब्लेयर, अंडमान में प्रस्तावित है। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने विभिन्न प्रमंडलों से आए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, टीम मैनेजर, निर्णायकों एवं उपस्थित सभी अतिथियों का औरंगाबाद की धरती पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहयोग से राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का अवसर जिले को प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता एवं कौशल का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और संघर्ष करने की प्रेरणा भी देता है। विशेष रूप से फुटबॉल जैसे सामूहिक खेल हमें सिखाते हैं कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यक्तिगत प्रतिभा के साथ-साथ सामूहिक प्रयास एवं आपसी समन्वय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आएँगे, जो भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल के नियमों का पालन करने, प्रतिद्वंद्वी टीमों के प्रति सम्मान रखने तथा खेल भावना को सर्वोपरि बनाए रखने की अपील की। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने में जुटे पदाधिकारियों, कर्मियों, शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों एवं अन्य सहयोगियों की सराहना की तथा सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दयाशंकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। बिहार गीत के सामूहिक गायन के साथ उद्घाटन सत्र का समापन हुआ।

उद्घाटन समारोह के उपरांत जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद दिन के पहले मुकाबले में खेलने वाली कोसी एवं तिरहुत प्रमंडल की टीमों के कप्तानों के बीच टॉस कराया गया। जिला पदाधिकारी ने फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता के अंतर्गत मैच का विधिवत शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री कुमार पप्पू राज, अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) श्री मो. सादुल हसन खान, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री गौरव सिंह, जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दयाशंकर सहित विभिन्न प्रमंडलों से आए खिलाड़ी, टीम मैनेजर, प्रशिक्षक, शिक्षक, निर्णायक, आयोजन से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



पूर्णमासी सिंह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : बबन सिंह

डालमियानगर रोहतास (आससे)। कुशवाहा सभा भवन, डेहरी के पूर्व सचिव स्वर्गीय पूर्णमासी सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।



कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पूर्णमासी सिंह के ज्येष्ठ पुत्र प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कुशवाहा सभा भवन के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि कुशवाहा सभा भवन के निर्माण एवं विकास में पूर्णमासी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके प्रयासों और समाज के प्रति समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता अजय कुमार सिंह एवं संचालन कौशलेंद्र कुशवाहा ने की। मौके पर बबन सिंह कुशवाहा, बिंदेश्वरी सिंह, लक्ष्मण सिंह, लाल बिहारी सिंह, उर्मिला देवी, मनीष कुमार, शिवदर्शी सिंह, हीरालाल सिंह, संतोष कुमार, बिरजन सिंह, सुनील कुमार, डॉ. जय नाथ वर्मा, आर के सिंह, विद्याधर विद्यार्थी, नरेंद्र देव सिंह, बिक्रमा सिंह, अजय कुमार, उमेश प्रसाद, रामेश्वर सिंह, भोला सिंह, सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार प्रकट किए।

धार्मिक दिवंगत सुमंती देवी की मनी पुण्यतिथि

डिहरी ऑन सोन (आससे)। डिहरी पाली रोड निवासी एवं अनुमंडल विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटूर पांडेय के समाजसेवी एवं धार्मिक माता स्वर्गीय सुमन्ती देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके परिवार एवं स्वजनों द्वारा दिवंगत माता सुमंती देवी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में ज्येष्ठ पुत्र उमा शंकर पाण्डेय ऊर्फ मुटूर पाण्डेय अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष डेहरी विधिक संघ रोहतास, बिनोद पाण्डेय, कृष्णा पाण्डेय, राजु पाण्डेय, प्रत्यूष पाण्डेय, रुद्र पाण्डेय, सूरज प्रकाश, महेंद्र पाण्डेय, संजय तिवारी नीरज चतुर्वेदी, डॉ किरण पाण्डेय, स्वेता पाण्डेय, अनु देवी, संतोष उपाध्याय, मुन्ना जी, पी पी सिंह, मोहन तिवारी, निर्मल पाण्डेय, एवम काफी संख्या में गण्यमान्य व्यक्तियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की ।

करंट से किसान की मौत, बिजली विभाग के खिलाफ फूटा गुस्सा

डालमियानगर रोहतास (आससे)। नासरीगंज थाना क्षेत्र के लाला अतिमी गांव में 11 हजार वोल्ट के लटके तार की चपेट में आने से 63 वर्षीय किसान वृंदावन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। किसान देर शाम खेत में धान की फसल देखने गए थे। इसी दौरान जमीन से महज पांच फीट ऊंचाई पर लटक रहे हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गए और करंट के तेज झटके से उनकी जान चली गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने व मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। सूचना पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और सीओ अंचला कुमारी ने पहुंचकर लोगों को शांत कराया। अगले दिन जब कर्मी तार दुरुस्त करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने काम रोक दिया। पूर्व पैक्स अध्यक्ष विमलेश प्रसाद सिंह उर्फ टूना सिंह ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद तार ठीक नहीं किया गया। अगनी से फेकन टोला जाने वाला तार भी चार फीट पर झूल रहा है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। विद्युत एसडीओ राजू कुमार ने बताया कि जांच के बाद परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

डेहरी के विभिन्न छठ घाटों का डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

सासाराम (रोहतास)। लोक आस्था के महापर्व छठपूजा के मद्देनजर श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों की सुविधा,सुरक्षा तथा सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र और पुलिस अधीक्षक रोहतास ने डेहरी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने डेहरी स्थित सुधा फैक्ट्री क्षेत्र तथा एनीकट क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों का जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों के द्वारा घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं छठ पूजा को लेकर की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी,डेहरी,ओएसडी, अंचल अधिकारी तथा कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी छठ घाटों पर पर्याप्त एवं मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय,ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। उन्होंने सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश



व्यवस्था,साफ-सफाई,पेयजल, पहुँच-पथ और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधायें समय से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से छठव्रतियों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुदृढ़ करने तथा आवागमन के रास्तों को सुगम एवं सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने छठ पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति,भीड़ नियंत्रण तथा यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए छठपूजा से पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक आस्था के इस महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को घाटों पर की जा रही तैयारियों का नियमित अनुश्रवण करने तथा सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया,ताकि छठ महापर्व शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।



डीएम-एसपी ने बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की

सासाराम (रोहतास)। जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र तथा पुलिस अधीक्षक मि. राज द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की ओर से जिले में संचालित विभिन्न



निर्माणाधीन एवं कार्यकारी परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान दोनों वरीय पदाधिकारियों ने संबंधित परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक में बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं एवं कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब पर गंभीरता दिखाते हुए कार्यों में तेजी लाने तथा नियमित रूप से निर्माण कार्यों की प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाय,कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित निर्माणाधीन भवनों एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं को समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। दोनों पदाधिकारियों ने संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं का त्वरित निराकरण करने तथा आपसी समन्वय के साथ परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय,ताकि जिले में पुलिस विभाग से संबंधित आधारभूत संरचनाओं का विकास निर्धारित समय पर सुनिश्चित हो सके।

छठ घाट धनगाई नहर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

बिक्रमगंज (आससे)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा बुधवार को छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से छठ घाट, धनगाई नहर पुल के समीप का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा घाट पर साफ-सफाई, छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ महापर्व को देखते हुए घाट पर सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।उन्होंने विशेष रूप से घाट की समुचित साफ-सफाई, सुरक्षित आवागमन एवं भीड़ प्रबंधन पर ध्यान देने तथा छठ व्रतियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उक्त निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिक्रमगंज, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, बिक्रमगंज एवं नगर परिषद्, बिक्रमगंज के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

साइबर ठगी के शिकार 10 पीड़ितों को मिली राहत

डालमियानगर रोहतास (आससे)। साइबर ठगी के शिकार लोगों के लिए साइबर थाना रोहतास से बड़ी राहत की खबर आई है। साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी ठगी की गई राशि को होल्ड करवाया था। इसके बाद साइबर थाना, रोहतास ने एम आर एम पोर्टल के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई करते हुए सभी पीड़ितों की कुल 1,87,486 रुपये की राशि वापस कराई है। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ितों में खुशी का माहौल है। राशि वापस पाने वाले पीड़ितों में राधेश्याम कुमार को 11,602 रुपये, नीतू कुमारी को 31,418 रुपये, उमा भारती कुशवाहा को 13,560 रुपये, सरफराज इंद्रेशी को 25,000 रुपये, ब्रजेश नारायण सिंह को 31,576 रुपये, गोविंद कुमार को 14,999 रुपये, अरुण कुमार सिंह को 17,011 रुपये, मुराद अंसारी को 12,099 रुपये, फिरोज अंसारी को 15,421 रुपये और विजय कुमार को 14,800 रुपये वापस मिले हैं।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या – एस.सी.–भार.मी.डी.
मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नांकित कार्यों के लिए बन्दमुद्रा प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम सेक्शनों से एवं रेल, सिन्हाई, सी.पी.डब्लू.डी. एवं ई.एस.आय.सी. जैसे उपक्रम में रजिस्टर्ड अच्छा कार्यरत सेक्शनों से ऑन लाइन खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:
1. कार्य के नाम, लोकेशन व राशि : यात्रीगण हित में प्रति सिंगल 3 टन क्षमता वाली स्वतंत्रतापूर्ण विभागीय लॉन्ड्री की स्थापना। 2. अनुमानित निविदा राशि (लगभग में) : ₹5,60,93,499.43 (लगभग पाँच करोड़ साठलाख तेरानवे हजार चार सौ निन्यानवे एवं तैंतालिस पैसे मात्र)। 3. अमानत राशि (लगभग में) : ₹11,39,900.00 (लगभग ग्यारह लाख उनतालिस हजार नौ सौ मात्र)। 4. निविदा दस्तावेज प्राप्त करने की एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर अपलोड की जाती है। निविदाकारों द्वारा निर्धारित तिथि 20.11.2026 को 12:00 बजे तक निविदा अपलोड कर दिया जाए एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। 5. मेलबॉक्स, नाम एवं मोबाइल, मुद्रित पत्र (अगर लागी हुआ) संबंधी सूचना : निविदा सूचना दस्तावेज एवं तकनीकि ब्योरा के लिये CMS website : www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
मंडल रेल प्रबन्धक (यांत्रिक)/
पूर्व/दा-ापुर
सीआर/1248/डीएनआर/यां./टी/26 27/44

ओबरा में धनवंतरी महोत्सव 6 को

औरंगाबाद (आससे)। ओबरा प्रखंड मुख्यालय में बेल मोड़ के समीप लक्ष्मी बैंकेट हॉल के सभागार में 6 नवंबर को धनवंतरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए धनवंतरी महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक वैद्य सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं बिहार राज्य महोत्सव संघ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया ने बताया कि उक्त तिथि को भक्तिमय वातावरण में भव्यता एवं दिव्यता के साथ भगवान धन्वंतरि की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। मुख्य अतिथियों के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन किया जाएगा।तत्पश्चात वर्तमान परिवेश में आयुर्वेद के महत्व विषय पर विचार गोष्ठी, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजक ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम लगातार 22 वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष धनवंतरी महोत्सव में औरंगाबाद जिले की साहित्यिक,सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की नामचीन हस्तियां अपना शिरकत करेंगी। सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया ने बताया कि औरंगाबाद जिला प्राचीन काल से ही आयुर्वेद के क्षेत्र में एक विशेष पहचान रखता है। प्राचीन काल में इसी औरंगाबाद जिले के देवकुंड नामक जगह पर जहां भगवान श्रीराम ने दुग्धेश्वर महादेव की स्थापना की थी।

माही कुमारी ने बैडमिंटन में जीते दो स्वर्ण पदक, नेशनल गेम्स में बनायी जगह

भभुआ/कैमूर(आससे)। कैमूर की प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी माही कुमारी ने राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय विद्यालय बैडमिंटन बालिका अंडर-19 प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता (नेशनल गेम्स) के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।दरभंगा के नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में माही ने पटना प्रमंडल की ओर से हिस्सा लिया। उन्होंने सिंगल्स और डबल्स दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।भभुआ नगरपालिका निवासी माही, मनीष कुमार गुप्ता की पुत्री हैं और महाबोधि महाविद्यालय, अखलासपुर में अध्ययनरत हैं। बैडमिंटन कोच रेहान अली के मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।माही की सफलता पर जिले के खेल संघों के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को मारा टक्कर, दोनों गंभीर रूप से घायल

डिहरी ऑन सोन (आससे)। राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों गंभीर रूप से घायलों को शुरू मे समीप के सीएचसी में इलाज कराया गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई।

कोचस प्रखंड क्षेत्र के मझौली स्टैंड के समीप बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया।

सीएचसी में चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया. लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया. चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र केसरी ने बताया कि दोनों युवकों के सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं. इसी कारण उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया.। चिकित्सा पदाधिकारी के अनुसार, घायलों की पहचान करगहर थाना क्षेत्र के धनेज गांव निवासी राजकुमार सेठ के 15 वर्षीय पुत्र तेजस कुमार और दिनारा थाना क्षेत्र के कटियारा गांव निवासी सुनील लाल के 20 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार के रूप में हुई है. दोनों युवकों की हालत गंभीर बताई गई है.।

निर्माण कार्य पर लोगों ने जतायी आपत्ति और हंगामा

कारकाट (आससे)। नगर पंचायत कारकाट-गोडारी के वार्ड संख्या-02, करूप में बन रही नली-गली मैं किया जा रहे ढलाई की गुणवत्ता पर आपत्ति जताई गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाथ से छूते ही गिट्टी और सीमेंट उखड़ जा रहा है और पैर रखते ही ढलाई धंस जा रही है।इसी को लेकर सोमवार को ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सूचना पर मुख्य पार्षद एवं अभिभावक मुन्ना भारती स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान बताया गया कि निर्माण में घटिया सीमेंट और मानक विहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसे देख ग्रामीण भड़क उठे और उन्होंने मौके पर



ही कार्य का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की कि इस पूरे निर्माण कार्य की जांच हो, विभागीय प्राक्कलन और सरकारी मापदंड के अनुसार ही काम कराया जाए और यदि ठेकेदार और एजेंसी दोषी पाए जाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित होने तक काम को तत्काल बंद रखा जाए। इधर निर्माण एजेंसी क्या हवाले सेअपने बचाव में कहा गया है कि लगातार पानी गिरने के कारण ढलाई में कमी आई है, जबकि इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली थी, हालांकि ग्रामीणों से मौखिक सूचना मिलने के बाद त्वरित संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक लगा दी गई है और विभागीय स्तर पर जांच शुरू करा दी गई है, उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course: MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor		DCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697159, 9334074005

आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC
SUPER SPECIALITY
LIVER & GASTRO CENTRE
सही जाँच सही ईलाज बेहतर जीवन
हमारी सेवाएँ
• लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
• फाइब्रोस्कैन (लिवर सिरोसिस एवं फैट)
• एंडोस्कोपी (सभी आपरेशन सहित)
• कोलोनोस्कोपी (सभी जाँच सहित)
• लिवर बायोप्सी
• हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
• फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर कैंसर का इलाज
• पीलिया, पेट में पानी, IBS, IBD, अल्सर, कब्ज आदि का इलाज
उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी
लिवर बायोप्सी
OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक
रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता - पटेल पथ, गुलजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सलाह | समाधान
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन • शंका या भ्रम • चिंता आना • बिना कारण डिप्रेशन
• आत्महत्या की इच्छा • आप अपने मुताबिक काम / लगातार काम • अत्यधिक खर्चीली • डिप्रेशन / पुरानी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में दिक्कत आना • नींद पूरी • पास नहीं होना/ परीक्षा में कमी
नशे की समस्या
शराब, सिगरेट, हेरोइन, अफीम, चरस, कभी भी पूरी / थोड़ी पूरी छोड़ना
सेक्स दर्द संबंधित समस्या
• सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychiry, DPM-CIP Ranike, Ranchi)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
manah health | manahcare
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही सलाह लें।